CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

8·2

चारा-दाना और उसे खिलाने की विधि

सत्साहित्य प्रकाशन

न्थालय
वाराणसी-५

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

चारा-दाना

और

उसके खिलाने की रीति

लेखक

परमेश्वरीप्रसाद गुप्त

बी. एस-सी., आई. डी. डी.

१९५६

सत्साहित्य प्रकाशन

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

प्रकाशक
मार्तण्ड उपाध्याय
मंत्री, सस्ता साहित्य मंडल,
नई दिल्ली

सातवां संस्करण : १९५६
मूल्य
चार आना

मुद्रक
हिन्दी प्रिंटिंग प्रेस
दिल्ली

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

भूमिका

ढोरों को चारा-दाना खिलाने के विषय में पश्चिमी देशों में बहुत-कुछ कार्य हुआ है और इस विषय पर काफी साहित्य भी मिलता है; परन्तु दुर्भाग्य से भारतवर्ष में इस ओर विशेष ध्यान नहीं दिया गया। प्रायः ढोरों के पालन-पोषण का कार्य दो-तीन जातियों के लोगों के हाथों में ही रहा है। इस विषय में जो कुछ जानकारी है, वह जबानी पिता से पुत्र को और पुत्र से उसकी सन्तान को मिलती रही है। इसलिए इस विषय में यहां कोई लिखित साहित्य नहीं मिलता।

ढोरों की उन्नति का प्रश्न इस समय इतने अधिक महत्व का हो गया है कि हमारी आर्थिक स्थिति का सुधार बहुत-कुछ भारतवर्ष के ढोरों की उन्नति पर निर्भर करता है। ढोरों की खराबी के मुख्यतः दो कारण हैं। पहला कारण उनको भली-भाँति खाने की काफी खुराक न मिलना और जहाँ-कहीं खुराक मिलती भी हो, वहाँ किस प्रकार खिलाया जाय, इसकी जानकारी न होना। इसलिए ढोर दिन-पर-दिन कमजोर और कम उपयोगी होते जा रहे हैं। दूसरा कारण ढोरों का बे-रोक-टोक एक प्रांत से दूसरे प्रांत में जाना और बेमेल अयोग्य सांडों से उनकी वृद्धि होना है। ठीक प्रकार खुराक के न मिलने तथा बेढंगे तरीके से उनकी वृद्धि होने के कारण नस्ल खराब होती जा रही है। ज्यों-ज्यों नस्ल खराब हो रही है त्यों-त्यों अधिक संख्या में अच्छे ढोर एक प्रांत से दूसरे प्रांतों में जाते हैं। जबतक वे अधिक उपयोगी साबित होते हैं तबतक उनको वहाँ रखा जाता है। बाद में या तो क़साई के घर पहुँचा दिये जाते हैं या वे अपने दिन ज्यों-त्यों बिताकर मृत्यु के मुँह में चले जाते हैं। वहाँ उनकी ठीक प्रकार वृद्धि करना और उनकी सन्तान को भली-भाँति पालना संभव नहीं, इसलिए वे बेचारे बिना कोई औलाद छोड़े ही खत्म हो जाते हैं।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

इस प्रकार इस समय ज्यों-ज्यों नस्ल अधिकाधिक खराब होती जा रही है, त्यों-त्यों ढोरों के साथ अधिक बुरा व्यवहार हो रहा है। इस चक्कर से निकलने का एक-मात्र उपाय यही है कि इस समय जो-कुछ अच्छे जानवर बच रहे हैं, उनको भलीभांति खिला-पिलाकर उनकी विधि-पूर्वक वृद्धि की जाय।

इस दृष्टि को लेकर मैंने इस छोटी-सी पुस्तिका में चारा-दाना और उसके खिलाने-पिलाने की रीति लिखने का साहस किया है। इस पुस्तिका को लिखने में मैंने इस बात का पूरा खयाल रखा है कि इस विषय की पश्चिमी किताबों की नकल न की जाय; बल्कि इस समय भारतवर्ष की जैसी भी हालत है और जो-कुछ यहाँ ढोरों को खिलाने-पिलाने की चीजें मिलती हैं, उसीके आधार पर हम किस प्रकार ढोरों को खिला-पिलाकर अधिक-से-अधिक उपयोगी बना सकते हैं, इस बात का ध्यान रखा है।

मैंने इस बात की पूरी कोशिश की है कि भाषा आम बोल-चाल की हो और लिखने का तरीका ऐसा हो कि साधारण पढ़ा-लिखा किसान भी पुस्तक को पढ़कर समझ सके या एक बिना पढ़ा-लिखा किसान भी पुस्तक को दूसरे से सुनकर लाभ उठा सके। खास करके आखिर में जो परिशिष्ट दिये गए हैं, वे मेरे बारह वर्ष के वैज्ञानिक रीति से व्यावहारिक कार्य करने के अनुभव के आधार पर लिखे गये हैं। उनको इस तरह जमाया है कि उनकी मदद से भारतवर्ष के करीब-करीब हरेक हिस्से में रहने वाले, उनके यहाँ जो-कुछ भी इस समय ढोरों को खिलाने-पिलाने के लिए सामग्री मिलती है, उसीको लेकर, या जो-कुछ उनके यहाँ पैदा होता है उसको लेकर, अपने जानवरों को कम-से-कम खर्च से अच्छी तरह खिला-पिला सकें। यदि किसान भाइयों को इस पुस्तिका से लाभ हुआ तो मैं समझूँगा कि मेरा परिश्रम सफल हुआ।

दिल्ली
२३ मार्च, १९३७

—परमेश्वरीप्रसाद गुप्त

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

नया संस्करण

आज हमारे यहाँ गाय की नस्ल खत्म हो गई। यदि हम आज से दस वर्ष या कम-से-कम तीन-चार वर्ष पहले भी चेत जाते तो ऐसी गायें तो अवश्य बचा लेते, जिनसे कि नस्ल-सुधार का कार्य कर सकते। मेरा तो अब भी यही विचार है कि यदि अभी से भारतवर्ष के सब हिस्सों में एक साथ प्रयत्न हो और हम लोकप्रिय सरकार के मन्त्रियों तथा अधिकारियों से मिलें तो अब भी कुछ अच्छी नस्ल की गायें इकट्ठी हो सकती हैं। उनमें से नस्ल की प्रतिनिधि गायों को चुनकर ऐसे झुंड तैयार किये जा सकते हैं जिनके आधार पर वंश-सुधार का काम चल सके। यदि यह आखिरी अवसर भी हाथ से निकल गया तो हमें नये सिरे से ही नस्ल स्थापित करनी पड़ेगी। उसमें कम-से-कम दुगना समय लगेगा।

दूसरी आवश्यक बात यह है कि इस समय जो पशु बच रहे हैं उन्हें ठीक प्रकार की खुराक खिलाई जाय और उनकी बीमारियों से रक्षा की जाय। ये बीमारियाँ कमजोर पशुओं को तो बिलकुल निकम्मा बना देती हैं। मेरा खयाल है कि नस्ल-सुधार के अलावा उनको ठीक प्रकार की खुराक खिलाकर और रोगों से बचाकर उनकी उपयोगिता को चौगुना तक किया जा सकता है। आज गाय पालने वालों को न तो इसका कुछ ज्ञान है और न उनके पास इसके यथोचित साधन हैं। ईश्वर-कृपा से वर्तमान सरकार का ध्यान इस ओर गया है और वह इस कार्य को उचित उत्साह से करना चाहती है। इस अवसर को हाथ से निकलने नहीं देना चाहिए।

आरम्भ में निम्नलिखित चार काम करने होंगे—

(१) आवश्यक खुराक की उत्पत्ति का प्रबंध। इसके लिए अलग-अलग इलाकों में भिन्न-भिन्न समय पर भिन्न-भिन्न फसलों की पैदावार का क्रम निश्चित करना होगा। किस इलाके में कितने पशु हैं, कितनी उपजाऊ

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

भूमि है और कितनी चरागाह है, इसका खयाल रखते हुए खेती की अन्य चीजें उत्पन्न करने के साथ कितना एकड़ चारा पृथक् या अदल-बदलकर बोना चाहिए, इसका निश्चय करना होगा। इनपर तथा अन्य चारे-दाने की चीजों पर चुंगी या टैक्स खत्म करने होंगे।

(२) पशुओं की बीमारी के इलाज के लिए हर दस या पांच गाँवों के बीच एक स्थान पर जहाँतक हो, कम-से-कम कीमत पर मिलनेवाली तथा स्थानिक चीजों से इलाज का प्रबन्ध और छूत की बीमारी से बचने के लिए, जो आधुनिक खोज से उपाय निकले हैं, उनका प्रबन्ध करना होगा।

(३) भली प्रकार पशु-पालन पर जो खर्च आता है वह इलाके के लिए निश्चित करके पशुओं से होने वाली उत्पत्ति – दूध, घी, दही—की कीमत निश्चित करनी होगी तथा ऐसे नियम बना देने होंगे कि उस कीमत से कम पर उनकी बिक्री न हो पावे।

(४) उपर्युक्त तीनों बातों को व्यवहार में किस प्रकार लाया जाय, उसकी जानकारी के प्रचार का प्रबन्ध करना।

पुस्तक का यह सातवाँ संस्करण है। यह लोक-प्रियता इस बात की सूचक है कि जनता का ध्यान पशु-धन की ओर गया है। यदि यह पुस्तक पशु-धन की उन्नति में कुछ भी सहायक हो सकी तो मैं अपनी मेहनत सफल समझूँगा।

१५७ क्लॉथ मार्केट, दिल्ली
२३ मार्च १९५६

—परमेश्वरीप्रसाद गुप्त

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

चारा-दाना

और

उसके खिलाने की रीति

: १ :

हम इस समय अपने पशुओं को जिस तरह खिलाते-पिलाते हैं उससे वे जिन्दा तो अवश्य हैं, काम करनेवाले काम कर रहे हैं और दूध देनेवाले दूध भी दे रहे हैं; लेकिन हम यह नहीं कह सकते कि जितने समय वे जिन्दा रह सकते थे उतने समय जिन्दा रहते हैं कि नहीं, और जितना काम करने की और दूध देने की शक्ति उनमें होनी चाहिए उतनी शक्ति उनमें है या नहीं। जब हम दूसरे देशों के पशुओं से अपने यहाँ के पशुओं का मुकाबला करते है तो हमें पता लगता है कि अमरीका की गायें हमारे यहाँ की गायों के मुकाबले में लगभग सात गुना अधिक दूध देती हैं और उसी तरह उनके काम करनेवाले पशु हमारे यहाँ के काम करनेवाले पशुओं के मुकाबले में बहुत अधिक काम करते हैं। इससे साफ पता लगता है कि हमारे यहाँ जानवरों के खिलाने-पिलाने में अवश्य कोई कमी है। उस कमी को यदि दूर कर दिया जाय तो उनसे अबसे कहीं अधिक लाभ उठाया जा सकता है।

यहाँ प्रश्न उठता है कि खान-पान में क्या तबदीली करें कि जिससे यह कमी पूरी हो जाय? इसके लिए नीचे लिखी तीन बातों पर विचार करना है:

(१) चारे-दाने में खुराक के कौन-कौन से अंश हैं?

(२) किस पशु को कैसी खुराक दी जाय?

(३) पशुओं को खुराक कितनी और किस प्रकार दी जाय?

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

शुरू की जानकारी की कुछ बातें

उक्त तीनों बातों पर विचार करने से पहले शुरू की जानकारी की कुछ बातें बता देना आवश्यक है।

खुराक पशु को जिन्दा रखने के लिए जरूरी है। खुराक पचने पर पशु के शरीर में गरमी पैदा करती है। पशु अपने शरीर की गरमी, जो उसका शरीर कायम रखने के लिए बहुत जरूरी है, खुराक खाने से ही बनाये रख सकता है। खुराक पशु में शक्ति या ताकत उत्पन्न करती है जिससे वह खुराक पचाने की, चलने-फिरने की तथा अन्य क्रियाएँ कर सकता है। खुराक दूध उत्पन्न करने, शरीर बढ़ाने, हल जोतने, वजन खींचने तथा और बहुत-सी तरह के काम करने के लिए और गर्भ की पुष्टि के लिए चाहिए।

पशु खुराक का कुछ ही भाग पचा सकता है, सब नहीं। यह पचने-वाला भाग, जिससे शरीर का पोषण होता है, पचनशील अर्थात् हजम होने-वाला अंश कहलाता है; और वह जो बिना पचे गोबर, पेशाब, तथा पसीने के रास्ते बाहर निकल जाता है वह अपचनशील अर्थात् हजम न होनेवाला अंश कहलाता है। इस पुस्तक में आगे हम खुराक या खुराक के अंशों का जिक्र करेंगे। उसे पचनशील खुराक या उसके पचनशील अंश ही समझना चाहिए।

पशुओं की खुराक के दो भाग हैं : (१) चारा या न्यार (Roughage or fodder); (२) दाना, बांट या रातब (Concentrates)। इनमें खास फर्क केवल खुराक के पचनशील अंश की मात्रा में है। दाने या बाँट में खुराक के पचनशील अंश चारे के मुकाबले में अधिक होते हैं।

: २ :

चारेदाने में खुराक के कौन-कौन से अंश हैं ?

हर प्रकार के खाने-पीने की चीजों को तीन हिस्सों में बाँटा गया है—

(१) पानी

(२) उद्भिज पदार्थ

(३) खनिज पदार्थ

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

पानी को तो हरएक आदमी जानता ही है।

उद्भिज पदार्थ में चार चीजें शामिल हैं। पहली—प्रोटीन्स (Proteins) अर्थात् मांसजनक पदार्थ। दूसरी—फैट्स (Fats) अर्थात् चिकनाई-तेल, घी और चर्बी-जैसी चीजें। तीसरी—क्रूड फाइबर्स (Crude fibres) अर्थात् काष्ठतन्तु। चौथी—सोल्यूबिल कार्बोहाईड्रेट्स (Soluble Carbohydrates) अर्थात् आटा-मैदा और चीनी सदृश चीजें।

खनिज-पदार्थ (Inorganic Matter) अर्थात् अनेक प्रकार के नमक और खाद्य प्राण (Vitamins)।

खुराक में जो चीजें होती हैं, उनका विशेष वर्णन नीचे दिया जाता है:

(१) पानी—हर प्रकार की खुराक में पानी का थोड़ा-बहुत अंश अवश्य होता है। यहाँतक कि जो चीजें हमें बिलकुल सूखी दिखाई देती हैं, उनमें भी करीब दसवां अंश पानी का होता है। खुराक को पचाने के बाद खून में मिलकर शरीर के तमाम हिस्सों में पहुँचाने के लिए, खून को पतला बनाये रखने के लिए, शरीर में जो विकार और जहरीली चीजें पैदा होती रहती हैं उन्हें शरीर से बाहर निकालने के लिए और शरीर के तापक्रम को ठीक रखने के लिए विशेष रूप में पानी की आवश्यकता है। असल बात यह है कि पानी शरीर के लिए उतना ही आवश्यक है जितनी अन्य कोई चीज। पशु को पानी किसी-न-किसी रूप में मिलना ही चाहिए। चाहे वह पानी के रूप में मिले, चाहे तरल पदार्थ के रूप में या हरे और गीले चारे के रूप में, परन्तु काफी तादाद में मिलना चाहिए। छोटे-बड़े, बीमार, ग्याभन, दूध देने वाले तथा काम करने वाले हरएक प्रकार के जानवर के लिए पानी जरूरी है। बिना पानी कोई भी पशु जिन्दा नहीं रह सकता।

(२) प्रोटीन—अर्थात् मांसजनक अंश—इसकी पशुओं को सबसे अधिक आवश्यकता होती है, क्योंकि इससे शरीर के मांस-पुट्ठे बनते हैं और छोटी-छोटी नसें, जो हमेशा पुरानी होकर नष्ट होती रहती हैं, बनती हैं। चमड़ा, बाल तथा सींग भी इस अंश से बनते हैं और ठीक रहते हैं।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

पशु के शरीर में जो टूट-फूट होती रहती है उसको ठीक करने के लिए भी इस अंश की आवश्यकता होती है। दूध में प्रोटीन अर्थात् पनीर या छाछ का अंश भी इसीसे बनता है। इसलिए—

(अ) यदि यह अंश दूध देनेवाले जानवरों की खुराक में काफी तादाद में नहीं होता है तो उनकी दूध पैदा करने की शक्ति कम हो जाती है।

(आ) यदि यह अंश बढ़ने वाले जानवरों की खुराक में काफी तादाद में नहीं होता तो उनका बढ़ना कम हो जाता है।

खुराक के इस अंश में एक विशेषता यह है कि यदि शरीर को इस अंश की जितनी आवश्यकता है उससे अधिक हो तो यह शरीर में बल या शक्ति भी पैदा करता है।

भारतवर्ष में पशुओं को जो चारा दिया जाता है, उसमें खुराक के इस अंश की अक्सर कमी रहती है। उसको पूरा करने के लिए द्विदल—जैसे चना आदि जाति के शीघ्र पचनेवाले चारे की फसलें बोनी चाहिए। हमेशा खयाल रखना चाहिए कि अच्छा द्विदल जाति का चारा न मिले तो चारे के साथ ऐसा खल-दाना मिला देना चाहिए जिसमें मांसजनक अंश (प्रोटीन) की बहुतायत हो।

(३) फैट्स—अर्थात् चिकनाई या तेल, घी और चर्बी जैसी चीजें—ये शरीर में बल अर्थात् शक्ति और चर्बी पैदा करती हैं। ये प्रोटीन तथा कार्बोहाइड्रेट्स के मुकाबले में सवा दो गुणा बल पैदा करते हैं और इस दृष्टि से उनके मुकाबले में अधिक उपयोगी हैं। ज्यादा दूध देनेवाली गाय और बहुत ज्यादा काम करनेवाले जानवरों की खुराक में यह अंश होना जरूरी है और बढ़नेवाले जानवरों की खुराक में कम ही रहे तो अच्छा है। प्रोटीन यदि आवश्यकता से अधिक हो तो इस अंश की जगह काम आ जाता है। परन्तु यह अंश प्रोटीन की जगह काम नहीं आता; बल्कि पशु के शरीर में चर्बी के रूप में इकट्ठा होता रहता है और बाज दफा बहुत ज्यादा इकट्ठा हो जाने से हानिकारक हो जाता है, इसलिए यह हमेशा खयाल रखना चाहिए कि पशु के शरीर पर चर्बी कभी न चढ़ने पावे।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

(४) क्रूड फाइबर्स—अर्थात् काष्ठतन्तु—यह कम-से-कम पचने वाला खुराक का अंश है। कई बार तो खुराक के ऐसे अंश को चबाने और पचाने में पशु को इतनी मेहनत करनी पड़ती है कि उतनी ताकत उसको इससे मिलती भी नहीं। इसका जो हिस्सा पच जाता है उससे पशु को वही लाभ पहुँचता है जो कार्बोहाईड्रेट्स से पहुँचता है। पशुओं का चारा जितना फोका, फूला हुआ, सूखा और सख्त होगा उतनी ही उसमें इस अंश की अधिकता होगी। भारतवर्ष में पशुओं को जो चारा दिया जाता है उसमें खुराक के इस अंश की अक्सर बहुतायत होती है। इसलिए यहां का चारा दूसरे मुल्कों से घटिया समझा जाता है।

(५) सोल्यूबिल कार्बोहाईड्रेट्स—इन्हें अंग्रेजी में Nitrogen free extract भी कहते हैं। ये चीनी, आटे-मैदा या स्टार्च (Starch) अर्थात् निशास्ता जैसे पदार्थ होते हैं। ये पशु के शरीर में गर्मी, बल तथा चर्बी पैदा करते हैं। काम करनेवाले पशुओं के लिए इस अंश की विशेष आवश्यकता होती है। दूध देनेवाले पशुओं के दूध में मिठास और चिकनाई भी इसी प्रकार के अंशों से होती है। ये शरीर में आवश्यकता से अधिक होने पर चर्बी के रूप में इकट्ठे होते रहते हैं।

(६) खनिज पदार्थ—अर्थात् अनेक प्रकार के नमक—इन खनिज पदार्थों की मदद से पशुओं के शरीर में हड्डी (उनका पिंजड़), सींग, खुर, बाल, रात-दिन नष्ट होने वाली नसें, खून और हजम करनेवाले रस ठीक होते रहते हैं और बनते हैं। खुराक में आवश्यक पदार्थों की, बढ़ने वाले जानवरों की बढ़ोतरी के लिए, दूध देने वाली गाय को दूध देने के लिए और गर्भवती गाय को गर्भ की पुष्टि के लिए विशेष आवश्यकता होती है। यह सब अंश खुराक को पचाने में बड़ी मदद देता है। खुराक में ऊपर लिखे सब अंश काफी तादाद में मौजूद हों परन्तु इनकी कमी हो तो हर-एक किस्म के पशु पर उसका बुरा असर पड़ता है।

(७) विटामिन्स—(Vitamins) अर्थात् खाद्योज—ये पशु को नीरोग रखने में मदद देते हैं। इनकी कमी से पशु में हर किस्म के

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

काम करने या पैदा करने की शक्ति कम हो जाती है और बढ़नेवाले पशुओं की बढ़ोतरी रुक जाती है, अच्छे जानवरों की आँखें खराब हो जाती हैं, दाँत हिलने लगते हैं तथा अनेक प्रकार के दूसरे रोग लग जाते हैं। बढ़ने वाले तथा दूध देने वाले जानवरों और गर्भवती गाय के लिए यह अत्यन्त आवश्यक है। खुराक में सब चीजें पूरी होने पर भी इतनी कमी का खुराक खानेवाले पशु पर बुरा असर पड़ता है। भारतवर्ष में खुराक के इस अंश की ओर लोगों का ध्यान बहुत कम है। ये हरे चारे में बहुत होते हैं। इसलिए पशुओं को थोड़ा-बहुत हरा चारा अवश्य खिलाना चाहिए।

अब यह स्पष्ट हो गया कि खुराक का हरएक अंश कितने महत्व का है और उनका अलग-अलग क्या-क्या काम है। खुराक में उपरोक्त सब अंश इस प्रकार और ऐसे हिसाब से शामिल होने चाहिए कि जानवर की शरीर-सम्बन्धी सब आवश्यकताएँ पूरी हो जायं। इसके लिए यह जानना आवश्यक है कि किस-किस चारे-दाने में खुराक का पचनशील अंश कौन-कौन तथा कितना-कितना है। भारतवर्ष में आमतौर से मिलनेवाले चारे-दाने की सूचियाँ उनके गुणों की अधिकता के अनुसार पहले अधिक गुण की चीज फिर उससे कम गुण की चीज की तरतीब से अलग-अलग परिशिष्टों में इस पुस्तक के अन्त में दी हैं। परिशिष्ट एक, दो और तीन देखिए।

: ३ :

किस पशु को कितनी खुराक दी जाय

यह बतला देने के बाद कि किस खुराक में कितने और कौन-कौन खुराक के हजम होनेवाले अंश हैं, अब यह बतलाना आवश्यक है कि पशुओं को कैसी खुराक देनी चाहिए। पशुओं को सफलतापूर्वक खिलाना-पिलाना इस बात पर निर्भर है कि पशु जो खुराक खाता है वह किस हद तक मालिक के लिए उपयोगी कार्य में बदलता है। यह पशु की अपनी अच्छी या बुरी नस्ल पर और उसके खिलाने-पिलाने के अच्छे या बुरे तरीके पर निर्भर करती है।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

नस्ल की बात छोड़ कर पशु को खिलाने-पिलाने के विषय में ही हम यहाँ चर्चा करेंगे।

असल में ऐसा कोई जानवर नहीं होता है जो कुछ भी काम नहीं करता हो। वह बच्चा है तो उसको बढ़ने के लिए खुराक चाहिए; या दूध देता है तो दूध देने के लिए खुराक चाहिए। वह कुछ-न-कुछ तो किसी रूप में काम करता ही है, बस उसीके लिए खुराक चाहिए, और यदि केवल बिना किसी काम-काज के जिंदा रहता है, तब भी उसके जिंदा रहने अर्थात् सांस लेने के लिए ही पोषक खुराक चाहिए। इसलिए जब कभी किसी पशु के लिए खुराक निश्चय करनी हो तो यह देखना होगा कि उसको पोषण-मात्र के लिए खुराक के कौन-कौन से अंशों की कितनी आवश्यकता होती है और काम या उत्पादन के लिए खुराक के कौन-कौन अंश कितने चाहिए। जानवरों को जुदा-जुदा काम के लिए खुराक के अलग-अलग हजम होनेवाले अंशों की किस प्रकार आवश्यकता होती है, वह नीचे देते हैं।

(१) पोषक खुराक—जिस जानवर से कुछ भी काम नहीं लिया जाता है, उसे भी स्वस्थ व जिंदा रखने के लिए ही ऐसी खुराक देनी होगी, जिसमें खुराक के सब अंश मौजूद हों। इस खुराक को 'पोषक खुराक' कहते हैं। कभी विशेष हालत में ही केवल पोषक खुराक पशुओं को दी जाती है, अन्यथा उत्पादक खुराक के साथ इसको जोड़कर पशुओं की खुराक निश्चय करने के काम आती है। पोषक खुराक में पहले अध्याय में बताए गए प्रोटीन आदि पाँचों अंश होने चाहिए। परन्तु ऐसी खुराक में दूध देनेवाले और बढ़ने वाले जानवरों के मुकाबले में प्रोटीन, खनिज मदार्थ अर्थात् क्षार या नमक और विटामिन के अंश कम होते हैं। परिशिष्ट चौथा देखिए।

(२) छोटे जानवरों को बढ़ने के लिए खुराक—उन जानवरों को जो अभी अपनी पूरी अवस्था को नहीं पहुँचे हैं और बराबर बढ़ रहे हैं, पोषक खुराक के अतिरिक्त उनकी बढ़ोतरी के लिए, खाली रहनेवाले जानवरों की अपेक्षा, प्रोटीन और अनेक प्रकार के क्षार तथा विटामिन अधिक मात्रा में देने चाहिए, जिससे उनके मांस, पुट्ठे और हड्डियाँ अच्छी तरह बढ़ सकें और

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

शक्कर तथा तेल-सदृश अंश कम मात्रा में देने चाहिए। परिशिष्ट पाँचवां देखिए।

(३) दूध की उत्पत्ति के लिए खुराक—दूध देने वाले जानवरों को दूध पैदा करने में बहुत परिश्रम करना पड़ता है, इसलिए आप अधिक दूध देनेवाले जानवरों के शरीर पर कभी चर्बी चढ़ी हुई नहीं देखेंगे। उनको पोषक खुराक के अतिरिक्त, कितना और कैसा (अर्थात् कितने घी वाला) दूध देते हैं, हिसाब से अधिक खुराक चाहिए। उनके लिए खाली रहनेवाले जानवरों के मुकाबले में प्रोटीन, क्षार, विटामिन अधिक मात्रा में और शक्कर तथा तेल-जैसे अर्थात् चिकनाई वाले पदार्थ थोड़ी मात्रा में चाहिए। परिशिष्ट छठा देखिए।

(४) गर्भ-पुष्टि के लिए खुराक—गर्भ वाले जानवर के लिए ज्यों-ज्यों उसके गर्भ की अवस्था बढ़ती जाय, उसको गर्भ-पुष्टि के लिए खुराक में पोषक खुराक के अलावा अधिक प्रोटीन, क्षार (नमक), विटामिन और मुकाबलतन थोड़ी मात्रा में शक्कर और चिकनाई जैसे अंश देने चाहिए। परिशिष्ट सातवां देखिए।

(५) बहड़ियों के लिए खुराक—बहड़ियों (Heifers) अर्थात् पहले-पहल ब्याने वाली या ब्याई गायों को केवल गर्भ-पुष्टि, दूध पैदा करने के लिए ही नहीं, बल्कि उनकी निज की बढ़ोतरी के लिए अधिक खुराक चाहिए। इसलिए उनको पोषक खुराक दूध और उत्पन्न करने या गर्भ की पुष्टि के लिए जो खुराक चाहिए उसके अतिरिक्त कुछ खुराक उनकी बढ़ोतरी के लिए भी देनी चाहिए। बढ़नेवाले जानवरों के माफिक इनकी खुराक में प्रोटीन, क्षार (नमक) विटामिन अधिक और शक्कर और चिकनाई-युक्त अंश कम मात्रा में होने चाहिए। परिशिष्ट आठवां देखिए।

(६) सांड—(Stud Bulls) की खुराक—बावजूद इस बात के कि ढोरों का सुधार और उनकी उपयोगिता उतनी ही उस सांड पर निर्भर होती है जितनी रेवड़ (Herd) की उन तमाम गायों पर जिनमें वह सांड रहता है, परन्तु फिर भी सांड की सेवा-टहल और उसको खिलाने-पिलाने

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

में बहुत ज्यादह लापरवाही की जाती है। सांड को पोषक खुराक के अलावा काफी पौष्टिक खुराक जिसमें खाली रहने वाले जानवरों के मुकाबले में प्रोटीन, क्षार, विटामिन अधिक तथा शक्कर और चिकनाई-युक्त अंश कम हों, देनी चाहिए। सांड को चिकनाई वाली खुराक (Oil feeds) अर्थात् खल इत्यादि, जहांतक हो, नहीं देनी चाहिए और यदि दें भी तो बहुत कम हो। यदि सांड चर्बी चढ़ाने लग जायगा तो बेकार हो जायगा। इसलिए हमेशा खयाल रखना चाहिए कि सांड जहां औसत दर्जे से अधिक मोटा होने लगे तो उससे शारीरिक काम लेकर उसे यथोचित हालत में ले आना चाहिए, या उसको जो दाना इत्यादि खिलाया जाता है, वह कम कर देना चाहिए। उसको दूध देने वाले जानवरों के माफिक नमक तथा अन्य खनिज पदार्थ और विटामिन पूरी मात्रा में मिलने चाहिए। परिशिष्ट नवां देखिए।

(७) बैलों को काम के लिए खुराक—बैल आदि काम करनेवाले जानवरों को भी काम के परिमाण के अनुसार पोषक खुराक के अतिरिक्त काम करने के लिए अतिरिक्त खुराक देनी चाहिए। इनकी खुराक में मुकाबलतन दूध देने वाले जानवरों के प्रोटीन, क्षार (नमक), विटामिन कम तथा शक्कर और चिकनाई-युक्त अंश अधिक होने चाहिए। परिशिष्ट दसवां देखिए।

: ४ :

पशु को खुराक कितनी और किस प्रकार दी जाय

यह बतला देने के बाद कि अलग-अलग किस्म के पशुओं की खुराक में पचनशील यानी हजम होने वाले अंशों की किस प्रकार आवश्यकता होती है, यह बतलाना आवश्यक है कि उन पचनशील अंशों को किस तरह पशु की खुराक में शामिल किया जाय। इसके लिए पशुओं की खुराक दो हिस्सों में बांटते हैं—(१) पोषण-मात्र के लिए पोषक खुराक (४) कार्य करने या कुछ उत्पन्न करने के लिए उत्पादक खुराक।

आम तौर से पोषक खुराक, जहांतक सम्भव हो, पशु को जो चारा (fodder or roughage) दिया जाता है उसमें ही पूरी कर देनी चाहिए।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

इसी दृष्टि से चारे का चुनाव करना चाहिए। जो चारा पशु को दिया जाता है यदि उसमें पोषण-मात्र के लिए जितने खुराक के पचनशील अंश होने चाहिए उतने नहीं हैं, तो उनको दाना-खल में से कुछ चीजें, जिनमें वे अंश वांछित मात्रा में हों, चारे के साथ मिलाकर पूरा कर देना चाहिए।

उत्पादक खुराक आम तौर से खल-दाने के रूप में दी जाती है। पोषक तथा उत्पादक खुराक दोनों मिलाकर इतनी होनी चाहिए कि पशु का भली प्रकार पेट भर जाय और बाकी भी कुछ न बचे।

किसी किस्म के भी हरएक जानवर को एक-सा खिलाना-पिलाना लाभप्रद नहीं होता, बल्कि हानिकारक होता है, क्योंकि न तो सब जानवरों का कद और वजन एक-सा होता है, न सब एक-सा काम करते हैं, न सब गायें बराबर दूध देती हैं और न ही सबकी एक-सी बढ़ोतरी होती है। इस दशा में यह स्पष्ट है कि उनको उनकी अलग-अलग आवश्यकता के अनुसार ही खिलाने-पिलाने से लाभ हो सकता है। सब ही जानवरों को एक-सा खिलाने-पिलाने से, जिनको अधिक खुराक की आवश्यकता है उनको कम मिलने से, उनसे पूरा लाभ नहीं मिलता और जिनको कम चाहिए उनको अधिक मिलने से वह फिजूल जाती है। इसलिए वह जानवर हमको महँगा पड़ता है। दोनों ही हालतों में हमको हानि होती है। यदि हम इस हानि से बचना चाहते हैं तो हमको प्रत्येक जानवर को उसकी आवश्यकता के अनुसार ही खुराक खिलानी-पिलानी होगी।

पोषक खुराक पशु को उसके वजन के अनुसार, छोटे को कम और बड़े को ज्यादा मिलनी चाहिए। इसी प्रकार उत्पादक खुराक भी अलग-अलग पशुओं को कम या अधिक उनके कार्य के अनुसार मिलनी चाहिए।

यह जानने के लिए कि अमुक जानवर को कितनी खुराक दी जाय, सबसे पहले उस पशु का वजन या कद मालूम करना होगा। इसके बाद यह मालूम करना चाहिए कि वह क्या और कितना काम कर रहा है? अगर बढ़ने वाला जानवर है तो उसकी बढ़ोतरी कितनी हो रही है? यदि बैल है तो इस समय वह कितना काम कर रहा है? यदि गर्भवती गाय है

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

तो कितने दिन का गर्भ है ? और यदि दूध देने वाला जानवर है तो इस समय वह कितना और कैसा अर्थात् कितने प्रति सैकड़े घी वाला दूध देता है ? उसी हिसाब से उसके लिए पोषक खुराक और उसके अलावा बढ़ोतरी; गर्भ-पालन, काम करने तथा दूध उत्पन्न करने के लिए उत्पादक खुराक तजवीज करनी चाहिए। इस माफिक खुराक तजवीज या निश्चय करने को उपर्युक्त या ठीक खुराक का चुनाव करना अंग्रेजी में (Balancing of Ration) कहते हैं।

पशु कितना काम करता है या बढ़ता है तथा दूध देता है, इत्यादि तो मालूम हो ही जाता है; परन्तु पशु का वजन मालूम करना कठिन है; क्योंकि उसके तोलने का साधन हर जगह नहीं होता। इस कठिनाई को दूर करने के लिए हम पशु का अन्दाजन वजन मालूम करने की तरकीब बताते हैं।

ढोर का अन्दाजन वजन निकालने की सरल रीति—पशु की पूंछ जहाँ से निकलती है, वहाँ हड्डी उभरी हुई होती है। छाती के पास अगले पैरों के सबसे ऊपर के हिस्से के पास भी उभरी हड्डी होती है। पूँछवाली उभरी हुई हड्डी से छाती के पास वाली उभरी हड्डी तक की लम्बाई इंचों में नाप लो और छाती के पास शरीर की मोटाई, जैसे दरजी कुर्ते का नाप लेते समय नापता है, इसी प्रकार इंचों में नाप लो। पहली नापी हुई लम्बाई को गुणा कर लो। जो गुणनफल आये उसको बहुत बड़े जानवरों के मामले में ९½ से, बीच के मामूली जानवरों के मामले में ८॥ से और बहुत छोटे जानवरों के मामले में ८ से भाग कर दो। जो भागफल आयेगा वह उसका अन्दाजन वजन सेरों में आयेगा। उसको ४० से भाग कर मन बनालो या दो से गुणा करके पौंड बना लो। इस तरह विना तोले ही जानवर का अन्दाजन वजन मालूम किया जा सकता है। भारतवर्ष के अनेक जाति के जानवरों का अन्दाजन वजन परिशिष्ट ११ में देखिये।

(१) खुराक वजन में कितनी हो ?—जानवर का पेट भरने के लिए सूखा चारा-दाना उसके वजन के अनुसार प्रति मन पर करीब १ सेर के

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

हिसाब से देना चाहिए। यदि जानवर का वजन १० मन है तो उसको पेट भरने के लिए १० सेर सूखी सामग्री काफी होगी। इसी १० सेर में हमको उसके लिए पोषक खुराक और उत्पादक खुराक तजवीज करनी चाहिए। वह सब १० सेर सामग्री गीली हो तो उसमें जितना पानी का अंश हो उस हिसाब से अधिक मात्रा में पूरी कर देनी चाहिए। सूखे चारे के मुकाबले में गीले का वजन, चारे की किस्में और काटने की अवस्था के अनुसार, तीन गुने से लेकर पाँच या छः गुने तक होती है। परन्तु हमें औसत चौगुना लगा लेना चाहिए। जहाँ हम ८ सेर हरा या गीला चारा देते हैं, वहाँ उसको हमें दो सेर सूखे चारे के बराबर समझना चाहिए। इस तरह हमें जो चीजें आसानी से मिल सकती हैं, उनमें से ठीक चीजें चुन लेनी चाहिए।

(२) खुराक में किस प्रकार की चीजें हों ?—खुराक के चुनाव में उपर्युक्त बातों के अलावा आगे नीचे लिखी बातों का खयाल रखना बहुत जरूरी है—

(क) खाने की चीजें स्वादिष्ट हों ताकि पशु उसे खुश होकर खा ले।

(ख) आसानी से हजम होने वाली हों।

(ग) उसमें आवश्यक क्षार (नमक) और विटामिन (खाद्योज) काफी मात्रा में हों।

(घ) खाने की चीजें बहुत गर्म, बहुत बादी या कब्ज करनेवाली या किसी तरह नुकसान करनेवाली न हों।

इसके लिए नीचे लिखी बातें करनी चाहिए—

(अ) उसमें कम-से-कम अलग-अलग चार किस्म की चीजें हों।

(आ) यदि सम्भव हो तो सूखे चारे के बराबर हरा चारा भी जरूर खिलाया जाय। दूध देने वाले जानवरों के लिए हरा चारा अत्यन्त आवश्यक है। हरे चारे में पानी का अंश अधिक मात्रा में होने के कारण वह मुलायम, रुचिकर, शीघ्र पचने वाला और दस्तावर होता है। इसमें आवश्यक क्षार (नमक) और विटामिन (खाद्योज), जो खुराक में सबसे अधिक महत्व के

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

अंश हैं, काफी मात्रा में होते हैं। इसलिए हर तरह के जानवरों की खुराक में कम या ज्यादा हरा चारा होना बहुत जरूरी है।

(इ) यदि हरा चारा मिलना बिलकुल असम्भव हो, तो एक तिहाई भाग मिस्सा—जैसे चना, मटर, मोठ, उड़द, रिजका, बरसीम, सेंजी इत्यादि काफी प्रोटीन वाले चारे का अवश्य होना चाहिए।

(ई) यदि हरा या बढ़िया चारा उपर्युक्त मात्रा में दिया जाता हो, तो उसके साथ थोड़ा-सा खाने का मामूली नमक, जो पूरे बड़े जानवर को आधी छटांक प्रति जानवर देना चाहिए, काफी होगा; अन्यथा नमक के अलावा थोड़ा खूब बारीक पिसा हुआ चूना या खड़िया मिट्टी और साफ की हुई हड्डी की राख एक पैसा भर से दो पैसा भर तक अवश्य प्रति जानवर देनी चाहिए। पशुओं की खुराक तैयार करने में आवश्यक क्षार (नमक) और विटामिनों का पूरा खयाल रखना चाहिए। इसमें कमी रहने से उनके कार्य और उम्र दोनों ही पर खराब असर पड़ता है।

(उ) पुस्तक के पन्ना २४ से ३४ तक पहली, दूसरी और तीसरी सूची में चीजों की अधिक-से-अधिक जितनी मात्रा दी गई है, उनसे अधिक जहाँ तक हो नहीं खिलानी चाहिए।

(३) **खुराक किस प्रकार खिलाई-पिलाई जाय**—जहाँ तक हो थोड़ी-थोड़ी कई बार करके खिलाने-पिलाने के अलावा नियत समय पर नीचे लिखे तरीके से खिलाने-पिलाने का प्रबन्ध करना चाहिए।

(क) खुराक में कूड़ा-कर्कट, मिट्टी-कंकड़, गली हुई और बदबूदार कोई चीज न हो। यह हमेशा लाभप्रद है कि आप अपने पशुओं को ताजी चीजें खिलावें।

(ख) मुलायम हरा चारा, छोटी बारीक हरी व सूखी घास, भूसा इत्यादि ज्यों-का-त्यों साबित भी मिलाया जा सकता है; परन्तु और दूसरे चारे की कुट्टी (छोटे-छोटे आध इंच तक से पौन इंच के टुकड़े) काट कर खिलानी चाहिए। इससे पशु सुविधा से चारा चबा लेता है और उसको पचाने में भी मदद मिलती है तथा चारा भी कम-से-कम बर्बाद होता है।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

(ग) इसी प्रकार दाना-खल के भी छोटे-छोटे टुकड़े उनको चक्की में दल कर तैयार कर लेने चाहिए। १२ घंटे से २४ घंटे तक मौसम तथा दाना-खल की किस्म के अनुसार भले प्रकार पानी में भिगोकर और देने के समय उसको हाथ से खूब फेंट या मथकर छोटे बच्चों के अलावा सबको देना चाहिए ताकि उसको सहूलियत से पचा सके। कुछ चीजें तो बड़ी सख्त होती हैं। उन्हें उबालकर अर्थात् पानी में पका कर देना चाहिए।

(घ) जब कभी केवल सूखा चारा ही खिलाना हो तो उसको बारीक काटकर उसमें भिगोया हुआ खल-दाना मिलाकर खिलाने से लाभ-प्रद होता है। इस प्रकार पशु सख्त चारे को भी खा लेता है।

(४) पशु के रहन-सहन की कुछ बातें—पशु को सिर्फ कम-से-कम कीमत की और उसकी आवश्यकतानुसार उपयुक्त पेटभर खुराक ठीक तरीके से खिलाने से ही काम खत्म नहीं होता, बल्कि पूरी सफलता इस बात पर निर्भर करती है कि पशु वह खुराक खाकर हमको कितना लाभ पहुँचाता है? यह बात पशु की खुराक के अलावा उसके रहन-सहन के ढंग पर निर्भर करती है। इसके लिए नीचे लिखी बातें अमल में लानी चाहिए—

(क) रोज बराबर नियत समय पर कम-से-कम दो बार और यदि हो सके तो तीन या चार बार खुराक दी जाय और काम भी जहां तक हो नियत समय पर ही लिया जाय।

(ख) पशुओं के सामने हमेशा नमक का एक बड़ा डला रखिये ताकि वे जब चाहें तभी उसको चाट सकें।

(ग) कम-से-कम दो बार ताजा और साफ पानी, जो कुएँ के ताजे पानी से न तो अधिक ठण्डा और न अधिक गर्म हो, भरपेट पिलाइए।

(घ) दूध देनेवाली गायों को कम-से-कम ब्याने के डेढ़ मास पहले धीरे-धीरे दूध से अवश्य सुखा देना चाहिए।

(ङ) गाय को ब्याने के कम-से-कम डेढ़ महीने पहले से दस रोज पूर्व तक पौष्टिक खुराक दीजिए जो शीघ्र पचने वाली हो।

ब्याने के बाद गाय में दूध का जोर बढ़ जाना स्वाभाविक है। उस

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

समय उसको उसके हाजमे का खयाल करते हुए कुछ दिनों तक दूध की उत्पत्ति के अनुपात से पूरी खुराक नहीं दी जा सकती। अतः इस समय दूध का स्रोत पूरी तौर से कायम रखने के लिए, ब्याने से पहले, गर्भ के दिनों में खिलाई गई वह खुराक, जो मुटापे के रूप में जमा रहती है, काम आती है। इसलिए उसको ब्याने के पहले शीघ्र पचने वाली पौष्टिक खुराक खिलाकर काफी मोटा ताजा कर देना चाहिए।

(च) गाय को ब्याने के एक बार सात रोज पहले, दुबारा तीन रोज पहले अन्दाजन ४ छटांक से ६ छटांक तक उसके वजन के अनुसार खाने का तेल अवश्य नाल या बोतल से पिला देना चाहिए ताकि ब्याने के समय उसका पेट साफ रहे।

(छ) ब्याने के बाद एकदम अधिक बांट अर्थात् खल-दाना नहीं खिलाना चाहिए। धीरे-धीरे बढ़ाकर २१ दिन के बाद दूध के लिए पूरी खुराक देनी चाहिए। पहले तीन दिन सूखी घास, बारीक सूखी ज्वार की पूली, सूखी जई का चारा या अन्य सूखा शीघ्र पचने वाला तीसरे या चौथे दर्जे का चारा देना चाहिए। इसके अतिरिक्त नीचे लिखे मुताबिक अन्य चीजें दीजिए—

गुड़ (जानवर के वजन के अनुसार)	आध सेर से तीन पाव तक,
अजवायन,	एक छटांक,
सोंठ (मौसम और जानवर के वजन के अनुसार)	आधा से एक तोला
मेथी	एक छटांक

डेढ़ सेर पानी में खूब उबालकर अर्थात् औटी बनाकर एक बार सबेरे दूध दुहने के बाद, जो दूध निकले वह सब उसमें मिलाकर खिला दें। दुबारा उतना ही औटी बनाकर सांझ को दूध दुहने पर जो दूध निकले यह सब मिलाकर खिला देना चाहिए। तीन दिन के बाद शीघ्र पचने वाला चारा और दोनों समय नीचे लिखा दलिया खिलाना चाहिए—

गुड़	डेढ़ पाव से आध सेर
दलिया गेहूँ, बाजरा या चोकर	आध सेर से एक सेर
अजवायन	दो तोला से पांच तोला

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

इसमें अन्दाज का पानी मिलाकर खूब उबालिए । जब पक कर मुलायम हो जाय तब ठण्डा करके दूध दुहने के बाद जो दूध बचे उसे उसमें मिलाकर खिला देना चाहिए । उपरोक्त दलिया कम-से-कम तीन रोज तो अवश्य खिलाइये । हो सके तो ७ दिन तक खिलाइये । पाँच दिन के बाद धीरे-धीरे दाना इत्यादि भी थोड़ा-थोड़ा दिया जा सकता है ।

पांचवें दिन दोनों समय	आधा सेर चोकर
छठे दिन दोनों समय	तीन पाव चोकर
सातवें दिन दोनों समय	एक सेर चोकर

आठवें दिन के बाद एक सेर चोकर और थोड़ा अन्य दाना, फिर जो भी खल-दाना गायों को दिया जाता है, आरम्भ कर देना चाहिए । और २१ दिन तक धीरे-धीरे बढ़ाकर पूरी मिकदार में देना चाहिए। इसी प्रकार १५ दिन के बाद चारा भी, जो साधारण गायों को दिया जाता है, देना आरम्भ कर देना चाहिए ।

(ज) रहने का स्थान एकदम बन्द नहीं होना चाहिए । उसमें रोशन-दान तथा हवा आने-जाने का रास्ता बराबर रहना चाहिए । काफी साफ, ताजी हवा और सूर्य का प्रकाश मिलना चाहिए ।

(झ) पशु को सख्त सर्दी, गर्मी और वर्षा से हमेशा बचाइये और खयाल रखिए कि उसे मक्खी, मच्छर और कीड़े न सतावें ।

(ञ) पशु को साफ-सुथरा और आराम से रखने के लिए उसको प्रतिदिन खुरेरे अथवा मूंज के ब्रुश या टाट के टुकड़े से साफ करना चाहिए। उसके बैठने का स्थान बिलकुल साफ-सुथरा रहना चाहिए । कच्चे स्थान की गीली मिट्टी रोज निकाल कर उसकी जगह सूखी मिट्टी अवश्य डालते रहना चाहिए और पक्के स्थान पर रद्दी घास इत्यादि का बिछावन कर देना चाहिए और उसे रोज बदलते रहना चाहिए ।

(ट) बीमार पशुओं को जहां तक हो सके फौरन अच्छे पशु से अलग साफ-सुथरी और बिलकुल बन्द न हो ऐसी जगह में रखना चाहिए । बीमारी की हालत में कब्ज करनेवाला तथा देर में पचने वाला चारा-दाना बंद

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

करके शीघ्र पचने वाली चीजें देनी चाहिए और हरा चारा चौथाई हिस्से से ज्यादा नहीं देना चाहिए । हो सके तो गाय ब्याने पर जो चारा देते हैं, वह देना चाहिए और चोकर का दलिया या चावल की कांजी या मांड देना चाहिए। बीमारी से अच्छा हो जाने पर धीरे-धीरे थोड़ा चोकर या गेहूँ या जई का दलिया पकाकर देना चाहिए और फिर अच्छा होने के दो-चार दिन के बाद धीरे-धीरे रोज की खुराक आरम्भ करके पूरी खुराक देनी आरम्भ कर देनी चाहिए ।

(ठ) याद रखिये कि आप जानवरों के साथ जितना प्रेम का व्यवहार करेंगे और जितना उनको ऐसी स्थिति में रखेंगे जिससे उन्हें किसी किस्म का दुःख और घबराहट न हो, उतना ही अधिक वह खुराक को उपयोगी कार्य में बदल सकेंगे ।

हर एक प्रकार के पशुओं को उनकी आवश्यकतानुसार कौन-कौन चीजें और कितनी मात्रा में खिलानी चाहिए, इसके लिए चौथा, पांचवाँ, छठा, सातवां, आठवां, नवां और दसवां परिशिष्ट देखिए, और अपने अलग-अलग जानवरों की आवश्यकता का खयाल रखते हुए उनको अपने घर, गांव या प्रांत में मिलने वाली चीजों में से जो अधिक-से-अधिक उपयोगी और कम-से-कम कीमत की हों, खिलाइये और उनसे अधिक-से-अधिक लाभ उठाइए ।

